# निवेश के लिए बुनियादी शर्त है सुरक्षा–कानून का राज : योगी



दैनिक जागरण के साथ मंगलवार को विशेष बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

जागरण संवाददाता, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मानते हैं कि उद्यमियों को यह विश्वास हो जाए कि सरकार उनके हितों की सुरक्षा के लिए सब कुछ करेगी तो वह निवेश में तनिक भी नहीं हिचकिचाएंगे और इसी में प्रदेश का विकास निहित है। उद्योग लगेंगे तो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों ही तरह का रोजगार मिलेगा और प्रदेश में समृद्धि आएगी। पिछले लगभग छह साल के शासन में भाजपा सरकार ने यह भरोसा अर्जित किया है। सुरक्षा और कानून का राज दोनों ही क्षेत्र में हमने उच्च मापदंड प्रस्तुत किए हैं और प्रदेश में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश के उद्यमियों की संख्या और उनके निवेश का रिकार्ड दोनों ही मील का पत्थर बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को पांच कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर दैनिक जागरण से बातचीत में 10 से 12 फरवरी के बीच होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों, देश-विदेश में हुए रोड शो और प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर विस्तार से बात की। वह कहते हैं कि कनेक्टिविटी ने उद्यमियों की पहुंच दूरदराज के जिलों तक हुई है और इस वजह से बुंदेलखंड और पूर्वांचल नई संभावनाओं का क्षेत्र बना हुआ है। कानपुर को लखनऊ से जोड़ने के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनने जा रहा है। कानपुर का पुराना वैभव वापस लाएंगे। प्रयागराज में अक्षयवट परिसर के विस्तार के साथ संगम का विकास हमारी प्राथमिकता है। डबल इंजन की सरकार है इसलिए बरेली और शाहजहांपुर के लिए एम्स का प्रयास करेंगे।

> हमारे लिए यह सुखद अहसास था कि विदेश के उद्यमी यूपी में हुए परिवर्तनों के बारे में जानते थे और स्वयं भी निवेश के लिए इच्छुक थे। ऐसा ही भाव देश के अन्य राज्यों में हुए रोड शो के दौरान भी देखने को मिला।
>
> योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

### हमने टीम की तरह काम किया

मुख्यमंत्री कहते हैं कि हमारा लक्ष्य बड़ा है। उसे हासिल करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए हमने टीम वर्क का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है। हमारे मंत्रियों और अधिकारियों की टीम दुनिया के 16 देशों में पहुंची और वहां प्रदेश में निवेश के लिए वातावरण तैयार किया।


साक्षात्कार

कानून का राज देखा तो दौड़े चले आए निवेशक

देखें >> पेज 7